Phone : 248559

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

1-ए/आई0एन0एस0-1 आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद

UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

1-A/I.N.S.-1, Avas Vikas Colony, Baudha Vihar, Delhi Road, Moradabad

सन्दर्भ : 1780/D-25/संभल/अपल — दिनांक : 15/6/17

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0),
सम्भल।

विषयः प्रस्तावित स्थल ग्राम–चन्दावली, तहसील व जिला सम्भल के गाटा संख्या–151/2 सम्भल हसनपुर राज्य मार्ग पर पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अपने पत्र संख्या–2421/5/रीडर–अ.प्र.पत्र/2016–17, दिनांक–28.04.2017 जोकि इस कार्यालय में दिनांक–29.05.2017 को प्राप्त हुआ का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्त संबंध में आपको अवगत कराना है कि आपके द्वारा मैसर्स इण्डियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुरादाबाद द्वारा ग्राम–चन्दावली, तहसील व जिला सम्भल के गाटा संख्या–151/2 सम्भल हसनपुर राज्य मार्ग पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) के निर्माण हेतु आख्या चाही गयी है, के सम्बंध में अवगत कराना है कि उक्त स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय के श्री राजीव कुमार, अनु0सहा0 द्वारा दिनांक–10.06.2017 को किया गया (निरीक्षण आख्या संलग्न है)। निरीक्षण आख्या के अनुसार सदंर्भित स्थल पर इस शर्त के साथ पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है। भण्डारण से किसी भी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जायेगा। यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक एनक्लोजर एवं मानकों के अनुरूप एग्जास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

आख्या आपके अवलोकनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

(अजय शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

मुख्य मण्डल रिटेल सेल्स प्रबंधक / Chief Divisional Retail Sales Manager
मुरादाबाद मण्डल कार्यालय, Moradabad Divisional Office
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. (एम.डी.)
Indian Oil Corporation Limited (M.D.)
कोल्ड स्टोरेज के सामने, दिल्ली रोड, एन.एच. 24
Opp. Cold Storage Delhi Road, N.H. 24
पो. पाकबड़ा, मुरादाबाद-244102 (उ.प्र.)
P.O. Pakbara, Moradabad-244102 (U.P.)

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0 / रा0), सम्भल के पत्र संख्या–2421 / 5 / रीडर–अ.प्र.पत्र / 2016–17, दिनांक–28.04.2017 के सदंर्भ में प्रस्तावित स्थल ग्राम–चन्दावली, तहसील व जिला सम्भल के गाटा संख्या–151 / 2 सम्भल हसनपुर राज्य मार्ग पर मैसर्स इण्डियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुरादाबाद के पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण के सम्बन्ध में निरीक्षण आख्याः–

उपरोक्त संदर्भ में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण दिनांक–10.06.2017 को किया गया। स्थल निरीक्षण के समय श्री उस्मान अली पुत्र श्री वसीर अहमद प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान निम्न तथ्य प्रकाश में आये–

1. प्रस्तावित आउटलेट (पेट्रोल पम्प) ग्राम–चन्दावली, तहसील व जिला सम्भल के गाटा संख्या–151 / 2 सम्भल हसनपुर राज्य मार्ग पर स्थापित किया जाना है।
2. उक्त प्रस्तावित स्थल के दक्षिण दिशा में ग्राम–चन्दावली दूरी लगभग 200 मी., उत्तर दिशा में हसनपुर–सम्भल मार्ग, उत्तर–दक्षिण दिशा में ग्राम–सिंहपुर दूरी लगभग 200 मी. तथा अन्य दिशाओं में कृषि योग्य भूमि स्थित है।
3. निरीक्षण के समय प्रस्तावित स्थल पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य होता नहीं पाया गया।
4. उक्त प्रस्तावित स्थल पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उचित प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्य एवं निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

14/6/17
(राजीव कुमार)
अनु0सहा0

सहा0वैज्ञा0अधि0 / क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

14.6.17

इंडियन आयल कारपोरेशन लि. (एम.डी.)
Indian Oil Corporation Limited (M.D.)
Moradabad Divisional Office
Opp. Cold Storage Delhi Road, N.H. 24
P.O. Pakbara, Moradabad-244102(U.P.)